*प्रेस नोट/सराहनीय कार्य-*
*(पत्रांक-151/2026 दिनांक 31.05.2026)*
*दिनांक-31.05.2026 को जनपद कुशीनगर पुलिस द्वारा किया गया सराहनीय कार्य-*

बड़ी कार्यवाही:🚨

👉 नेपाल के नागरिकों को पढ़ाई एवं नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले अंतर्राष्ट्रीय गिरोह का पर्दाफाश, कुल 10 अभियुक्तों (08 पुरुष एवं 02 महिलाएँ) को किया गया गिरफ्तार-

👉 अभियुक्तों के कब्जे में भारी मात्रा में कूटरचित दस्तावेज, आभूषण, लैपटॉप एवं नगद राशि(इंडियन करेन्सी, नेपाली करेन्सी) आदि बरामद-

जनपद कुशीनगर में पुलिस अधीक्षक श्री केशव कुमार के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ वर्मा के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी कसया श्री कुन्दन कुमार सिंह के नेतृत्व में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे सतत अभियान के क्रम में, विगत कुछ दिनों से थाना कसया क्षेत्र में विभिन्न स्रोतों से यह सूचना प्राप्त हो रही थी कि कुछ नेपाली नागरिक कुशीनगर में विभिन्न स्थानों पर किराए के मकान लेकर नेपाल के नागरिकों को नौकरी तथा मार्केटिंग नेटवर्क के माध्यम से अच्छी कमाई का लालच देकर यहां बुला रहे हैं। इसके बाद उनसे विभिन्न मदों में धन ऐंठकर धोखाधड़ी करते हुए उन्हें वापस नेपाल भेज दिया जाता है।

सूचना का संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक कुशीनगर द्वारा थाना कसया में अभियोग पंजीकृत कराया गया तथा मामले की जांच हेतु कई पुलिस टीमों का गठन किया गया।

जिसके फलस्वरूप आज दिनांक 31.05.2026 को थाना कसया, सर्विलांस सेल कुशीनगर, SWAT टीम कुशीनगर एवं STF गोरखपुर यूनिट की संयुक्त टीम द्वारा सूचना के आधार पर छापेमारी कर 08 पुरुष एवं 02 महिलाओं सहित कुल 10 अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। कुल 453 नागरिको/पीड़ितो को सकुशल उनके राष्ट्र नेपाल भेजवाया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 09 कूटरचित आधार कार्ड, 60 अदद बॉन्ड पेपर, आभूषण, 01 लैपटॉप, ₹60,320/-

भारतीय करेंसी, ₹14,290/- नेपाली करेंसी तथा अन्य सामग्री बरामद की गई है। बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछ-ताछ का विवरण-

पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने बताया कि वे एक संगठित अंतर्राष्ट्रीय गिरोह के सक्रिय सदस्य हैं। गिरोह के सदस्य नेपाल से कुशीनगर में किराए के मकानों में रहकर एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करते थे। वे नेपाल के नागरिकों को नौकरी, पढ़ाई तथा मार्केटिंग नेटवर्क के माध्यम से अच्छी कमाई का लालच देकर धोखाधड़ीपूर्वक नेपाल से कुशीनगर बुलाते थे। गिरोह द्वारा पहले से तैयार किए गए कूटरचित आधार कार्ड तथा बॉन्ड पेपर का उपयोग कर पीड़ितों को आश्वासन दिया जाता था। कम पढ़े-लिखे एवं आर्थिक रूप से कमजोर पीड़ित आसानी से इस जाल में फंस जाते थे। गिरोह के सदस्य पीड़ितों से विभिन्न मदों में मोटी रकम वसूल करते थे और उनके साथ आर्थिक शोषण करते थे। इस प्रकार ठगी से प्राप्त धन को गिरोह के सभी सदस्य आपस में बाँटकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे।

पंजीकृत अभियोग-
मु0अ0सं0 319/2026 धारा 61(2), 319(2), 318(4), 336(3), 338, 340(2) बीएनएस थाना कसया जनपद कुशीनगर

गिरफ्तार अभियुक्त-
1- दीपक थापा पुत्र भीम बहादुर थापा निवासी हेटौडा थाना हेटौडा जनपद भगवानपुर प्रदेश 03 नेपाल राष्ट्र
2- ओम प्रकाश चौलागाई पुत्र वेद नरायन चौलागाई निवासी कन्याम थाना फिकल जनपद इलाम कोसी प्रदेश नेपाल राष्ट्र
3- नीमा शेरपा पुत्र दावा शेरपा निवासी भानन्दे थाना तापलिओम जनपद तापलिओम प्रदेश नेपाल
4- गनेश खत्री पुत्र गोरखा बहादुर खत्री निवासी धापा थाना धापा जनपद जुमला प्रदेश 06 नेपाल
5- सोजन्य संतन पुत्र कृष्ण बहादुर सन्तन निवासी नल्लू थाना कोन्जेशोम जनपद ललितपुर बागमती प्रदेश नेपाल राष्ट्र
6- ज्ञानेन्द्र यादव पुत्र रामदेव यादव निवासी माधोपुर थाना लहान जनपद सिरहा नेपाल राष्ट्र
7- विशाल तामंग पुत्र बीर बहादुर तामंग निवासी नमोबुद्दा 05 कानपुर थाना कानपुर जनपद कावरे बागमती प्रदेश नेपाल

8- सर्वेश प्रताप राव पुत्र स्व0 हरेन्द्र प्रताप राव निवासी परसौनी थान कसया जनपद कुशीनगर
9- दो महिला अभियुक्ता

बरामदगी का विवरण -
1- नौ अदद कूटरचित आधार कार्ड अलग अलग व्यक्तियों के,
2- दो बैग में अलग-अलग 60 अदद बॉन्ड पेपर
3- एक छोटे पर्स में 04 अदद पीली धातु की अंगूठी
4- तीन अदद पीली धातू में रत्न लगी अंगूठी
5- तीन अदद सफेद धातु में रत्न लगी अंगूठी
6- एक अदद लैपटाप
7- दो अदद सफेद कागज पर बने डायग्राम
8- कुल 60320/-रू0 इंडियन करेन्सी
9- कुल 14290/-रू0 नेपाली करेन्सी
10- एक दिनार करेन्सी जार्डन देश की,

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-
1- प्र0नि0 आशुतोष सिंह थाना कसया जनपद कुशीनगर मय टीम
2- उ0नि0 स्वतन्त्र सिंह , प्रभारी स्वाट टीम जनपद कुशीनगर मय टीम
3- उ0नि0 यशवन्त सिंह एसटीएफ यूनिट गोरखपुर मय टीम
4- उ0नि0 विनायक सिंह एसटीएफ यूनिट गोरखपुर मय टीम
5- उ0नि0 शनि दुबे ,प्रभारी सर्विलांस सेल जनपद कुशीनगर मय टीम
6- उ0नि0 राहुल कुमार सिंह थाना कसया जनपद कुशीनगर
7- उ0नि0 रुद्रप्रताप सिंह थाना कसया जनपद कुशीनगर
8- हे0का0 मनोज कुमार थाना कसया जनपद कुशीनगर

थाना पटहेरवा पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी को किया गया गिरफ्तार-

जनपद कुशीनगर में वांछित अभियुक्तों/वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम आज दिनांक 31.05.2026 को थाना पटहेरवा पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी को गिरफ्तार कर अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

मु0नं0 व धारा-
मु0नं0- 2042/2025 धारा 323, 504 थाना पटहेरवा जनपद कुशीनगर

गिरफ्तार वारण्टी-

सिटन सिंह पुत्र प्रभु सिंह साकिन कटहरीबाग थाना पटहेरवा जनपद कुशीनगर

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम—
1. SO श्री धीरेन्द्र राय थाना पटहेरवा जनपद कुशीनगर
2. उ0नि0 राम सिंह थाना पटहेरवा जनपद कुशीनगर
3. का0 राजीव यादव थाना पटहेरवा जनपद कुशीनगर
4. रि0का0 विशाल पटेल थाना पटहेरवा जनपद कुशीनगर

थाना कप्तानगंज पुलिस द्वारा अपहरण के अलग-अलग मामले में वांछित 02 नफर अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार-

जनपद कुशीनगर में वांछित अभियुक्तों/वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम थाना कप्तानगंज पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0-177/2026 धारा 137(2)/3(5)/351(3)/352/87 बीएनएस से संबंधित अभियुक्त अब्दुल कादीर पुत्र हसन कादीर साकिन चक्सा हुसैन पचफेड़वा थाना गोरखनाथ जनपद गोरखपुर तथा मु0अ0सं0- 151/2026 धारा 137(2) बीएनएस से संबंधित अभियुक्त विशाल सिंह पुत्र श्यामवीर सिंह ग्राम डगेटा थाना बलदेव जिला मथुरा को बस स्टाप हाटा थाना हाटा जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पंजीकृत अभियोग-
1- मु0अ0सं0-177/2026 धारा 137(2)/3(5)/351(3)/352/87 बीएनएस
2- मु0अ0सं0- 151/2026 धारा 137(2) बीएनएस

गिरफ्तार अभियुक्त-
1- अब्दुल कादीर पुत्र हसन कादीर साकिन चक्सा हुसैन पचफेड़वा थाना गोरखनाथ जनपद गोरखपुर
2- विशाल सिंह पुत्र श्यामवीर सिंह ग्राम डगेटा थाना बलदेव जिला मथुरा को बस स्टाप हाटा थाना हाटा जनपद कुशीनगर

गिरफ्तार करने वाली टीम-
01. थानाध्यक्ष दीपक कुमार सिंह थाना कप्तानगंज जनपद कुशीनगर
02. उ0नि0 श्री अंकित सिंह चौकी प्रभारी मथौली बाजार थाना कप्तानगंज जनपद कुशीनगर
03. उ0नि0 श्री भुपेन्द्र प्रसाद थाना कप्तानगंज जनपद कुशीनगर

**04. हे0का0 रवि प्रकाश सिंह थाना कप्तानगंज  जनपद कुशीनगर**
**05. म0का0 निशी गोड थाना कप्तानगंज जनपद कुशीनगर**
**06. का0 मटरु यादव थाना कप्तानगंज  जनपद कुशीनगर**
**07. रि0म0का0 दिब्या त्रिपाठी थाना कप्तानगंज जनपद कुशीनगर**

***शान्ति भंग में की गयी निरोधात्मक कार्यवाही-***
जनपद कुशीनगर के विभिन्न थानों की पुलिस द्वारा 65 नफर अभियुक्तों को शान्ति भंग में गिरफ्तार कर धारा 170 बीएनएसएस के अन्तर्गत आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गयी।

*****कार्यवाही एक नजर में=*****
1- मोटर वाहन अधिनियम में की गयी कार्यवाही-सीज-00, ई-चालान-376 वाहन
2- 126/135 बीएनएसएस में की गयी कार्यवाही-मु0-79, व्यक्ति-244
3- वांछित/वारंटी/अन्य अपराधों में अभियुक्तों की गिरफ्तारी-(13)
4- जनपद में कुल गिरफ्तारी−(कुल-78)

*****सोशल मीडिया सेल*****
*****जनपद कुशीनगर*****